पंजाब में पकड़े गए/मारे गए आतंकवादी

756. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:**
श्री राम चन्द्र विकल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में आज तक कितने आतंकवादी पकड़े गये/मारे गये और इन आतंकवादियों द्वारा कितने निर्दोष लोगों को मार डाला गया है अथवा घायल कर दिया गया है ;

(ख) इन आतंकवादियों द्वारा मारे गये लोगों में से राजनीतिक दलों के कितने लोग हैं और सरकारी प्राधिकारी कितने हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा आज तक कितना मुआवजा दिया गया है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) पंजाब सरकार द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार 1-10-1985 से 14-2-1987 तक की अवधि के दौरान 1868 आतंकवादी गिरफ्तार किये गये हैं, 95 आतंकवादी मारे गये हैं और आतंकवादी गतिविधियों के कारण 626 व्यक्ति मारे गये हैं । जख्मी हुये व्यक्तियों के बारे में सूचना की राज्य सरकार से प्रतीक्षा है ।

(ख) और (ग). पंजाब सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

वस्त्र मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के एककों को हुआ लाभ/हानि

757. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने एकक चल रहे हैं और उनमें प्रत्येक के लाभ और हानि का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इन एककों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार किस नए कार्यक्रम पर विचार कर रही है ?

वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एम० कृष्ण कुमार): (क) और (ख). निम्नलिखित सरकारी क्षेत्रीय उपक्रम वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं :—

(1) नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन लि०, नई दिल्ली ।

(2) काटन कार्पोरेशन आफ इंडिया लि०, बम्बई ।

(3) जूट कार्पोरेशन आफ इंडिया लि०, कलकत्ता ।

(4) नेशनल जूट मैन्युफैक्चरिंग कार्पोरेशन, कलकत्ता ।

(5) हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैण्डलूम्स एक्सपोर्ट कार्पोरेशन, नई दिल्ली ।

(6) सेन्ट्रल काटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन, नई दिल्ली ।

(7) नार्थ ईस्टर्न हैण्डीक्राफ्ट्स एंड हैण्डलूम्स डेवलपमेंट कार्पो०, शिलांग ।

(8) ब्रिटिश इंडिया कार्पोरेशन, कानपुर ।

(9) नेशनल हैण्डलूम डेवलपमेंट कार्पोरेशन, लखनऊ ।

प्रश्न के अन्य भाग से सम्बन्धित जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Talks on Inland water transit and Trade Agreement

758. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is deadlock on the Indo-Bangladesh